रेलवे स्टेशन रोड की मरम्मत सिर्फ दिखावा

पीडब्ल्यूडी की आधी-अधूरी मरम्मत, रहवासी बोले- कब जागेगा प्रशासन?

खास बातें...

- साइड शोल्डर व जल निकासी की समस्या जस की तस
- नवभारत की खबर के बाद हुई रोड पर लीपापोती
- गड्ढे भरने तक सीमित रही कार्रवाई, साइड शोल्डर अधूरा
- स्कूली बच्चों व बुजुर्गों के गिरने का खतरा बरकरार

मक्सी, 10 सितंबर. नवभारत समाचार पत्र में रेलवे स्टेशन मार्ग की बदहाली पर खबर प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने कार्रवाई तो की, लेकिन यह कार्रवाई महज औपचारिकता बनकर रह गई. विभाग ने सिर्फ गड्ढों को भरकर लीपापोती की है, जबकि सड़क के किनारे (साइड शोल्डर) और जल निकासी की समस्या अब भी बनी हुई है. स्थानीय रहवासी संजय अग्रवाल ने बताया कि विभाग ने केवल गड्ढे भरकर खानापूर्ति कर दी है. साइड शोल्डर को ठीक से नहीं भरा गया है, जिससे स्कूली बच्चों और पैदल यात्रियों के गिरने का खतरा बना हुआ है. उन्होंने कहा कि 500 मीटर की इस सड़क पर सामने से कोई चार पहिया वाहन आ जाए, तो पैदल चलने वालों के लिए नीचे उतरने तक की जगह नहीं बचती, क्योंकि किनारों पर एक-एक फीट के गड्ढे हैं.

सड़क के दोनों ओर फैली झाड़ियां भी वाहनों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है और प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. मक्सी रेलवे स्टेशन तक जाने वाला यह मुख्य मार्ग वर्षों से खराब हालत में है और बारिश में कीचड़ तथा फिसलन का दलदल बन जाता है. इस रास्ते पर चलने से बुजुर्ग और महिलाएं भी घबराती हैं.

नवभारत की खबर के बाद विभागीय अमला हरकत में तो आया, लेकिन किया गया काम सिर्फ दिखावा ही साबित हुआ. सड़क की पूरी मरम्मत, साइड शोल्डर, प्रकाश व्यवस्था और जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई.

छात्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प

एबीवीपी के 10 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर

जबलपुर, 10 सितंबर. शहर के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मंगलवार को हुए छात्र गुटों के बीच हिंसक टकराव के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दस कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, और कुछ की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। दूसरे पक्ष ने भी शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच चल रही है।

ओमती पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश छात्र संघ (एमपीएसयू) के कार्यकर्ता यश कनौजिया (19) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, वह अपने दोस्तों अद्भुत दुबे, अभिषेक पांडे, जतिन कनौजिया, आकाश खरे और हर्षित कनौजिया के साथ कॉलेज गए थे। वहां एबीवीपी कार्यकर्ता छात्रों को धमकाकर अपने संगठन में शामिल होने का दबाव बना रहे थे। शिकायत में कहा गया है कि इसका विरोध करने पर एबीवीपी के आर्यन पुंज ने लोहे की रॉड से यश के सिर पर हमला किया। वहीं, सार्थक चौधरी ने अद्भुत दुबे को बेसबॉल के डंडे से मारा। इसके अलावा, अनमोल सोनकर, अनुराग रघुवंशी, जुबिल खान, ऋषि पटेल, मोहित सिंह, प्रियांशु पटेल, सौरभ वाल्मीक, राहुल सिंह और अंशवीर सोनकर ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इन सभी दस कार्यकर्ताओं के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं (296, 115(2), 190, 191(2), 351(2)) के तहत मामला दर्ज किया है। अब तक पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य की तलाश जारी है।

नेता पहुंचे थाने तो छूटा आरोपी

महिला से झूमाझटकी, पिस्टल दिखाने का मामला दबा

इंदौर, 10 सितम्बर. द्वारकापुरी क्षेत्र में महिलाओं को पिस्टल दिखाकर धमकाने और झूमाझटकी करने का मामला राजनीतिक दबाव में दबा दिया. भाजपा समर्थक सूरज शर्मा को पुलिस ने थाने तो बुलाया, लेकिन रात में पार्टी नेताओं के दबाव और विधायक के हस्तक्षेप के बाद बिना एफआईआर दर्ज किए ही छोड़ दिया.

घटना 5 सितंबर की है, जानकारी के अनुसार वार्ड 85 के भाजपा पार्षद राकेश जैन के समर्थक सूरज शर्मा ने एक पोस्टर को लेकर विवाद किया. वार्ड 82 के पार्षद शानू शर्मा का फोटो लगे बैनर पर आपत्ति जताते हुए उसने अगले दिन बैनर हटवाकर नया बैनर लगवा दिया. इस दौरान गोपाल पाल के पिता से कहासुनी हो गई. आरोप है कि सूरज पिस्टल जैसी वस्तु लेकर मौके पर पहुंचा और महिलाओं को धमकाने लगा. पीड़ित हरिबाई ने बताया कि सूरज ने घर आकर उनके साथ झूमाझटकी की, कपड़े खींचे और पति को बाहर भेजने की धमकी दी. डर के मारे उन्होंने परिजन को घर के अंदर कर लिया. महिला ने इसकी शिकायत थाने में भी की, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई. इस बीच सोशल मीडिया पर सूरज शर्मा का पिस्टलनुमा वस्तु लहराने का वीडियो सामने आया.

भारत तलवार से नहीं, ज्ञान से विश्वगुरु बना : पाण्डेय

भारतीय शिक्षण मंडल का अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग प्रारंभ

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 10 सितम्बर. वर्तमान समय में भारतीय संस्कृति ही विश्व का मार्गदर्शन कर सकती है. भारत कभी तलवार के बल पर नहीं, बल्कि ज्ञान के बल पर विश्वगुरु बना था.

युद्ध या आक्रमण से कोई देश अधिक समय तक नहीं जीता जा सकता, लेकिन शिक्षा और ज्ञान का प्रभाव दूरगामी होता है. यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डेय ने बुधवार को भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही.

उन्होंने कहा कि एक हजार वर्षों की पराधीनता और तीन सौ वर्षों की कुटिल नीतियों ने हमारी गौरवशाली ज्ञान-परंपरा को आघात पहुँचाया, किंतु अब शोध और अध्ययन के बल पर भारत-केंद्रित शिक्षा की पुनर्स्थापना का महायज्ञ प्रारंभ हुआ है. भारतीय शिक्षण मंडल इसी महायज्ञ का अग्रणी सहभागी है. पाण्डेय ने कहा, आज अधिकांश युवा केवल अपने लिए जीते हैं, ऐसे समय में शिक्षण मंडल के विस्तारक राष्ट्रहित के लिए घर-परिवार छोड़कर कार्य में जुटे हैं.

दुग्ध उत्पादन दो गुना करने 2 अक्टूबर से चलेगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

नीमच. जिले में दुग्ध उत्पादन को दो गुना करने के लक्ष्य के साथ 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान शुरू होगा। इस अभियान का उद्देश्य पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा।

प्रथम चरण (3 से 9 अक्टूबर): इस चरण में उन पशुपालकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जाएगा जिनके पास 10 या उससे अधिक गाय या भैंस हैं। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी और मैत्री कार्यकर्ता भारत पशुधन ऐप से प्राप्त सूची के अनुसार घर-घर जाकर पशुओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान वे पशु पोषण, स्वास्थ्य और नस्ल सुधार पर जानकारी देंगे।

द्वितीय चरण: इस चरण में 5 या उससे अधिक पशु रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा।

तृतीय चरण: इस चरण में 5 से कम पशु रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा।

अभियान से पहले नीमच से दो मास्टर ट्रेनर 15 और 16 सितंबर को भोपाल में राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण लेंगे ये मास्टर ट्रेनर 18, 19, 22 और 23 सितंबर को जिले में विकासखंड स्तर पर डॉक्टरों, VFOs और मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे.

जमीन विवाद में आर्मी जवान से मारपीट

दो आरोपियों को तीन-तीन माह का सश्रम कारावास

नीमच, 10 सितंबर. पुराने जमीन विवाद की रंजिश के चलते एक आर्मी जवान से मारपीट के मामले में दो आरोपियों को 3-3 माह के सश्रम कारावास और 1000-1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच, विशाल खाड़े की अदालत ने सुनाया।

सजा पाने वाले आरोपी पर्वतसिंह (38) पिता निर्भयसिंह राजपूत और कमलसिंह (35) पिता देवीसिंह सौंधिया, दोनों निवासी ग्राम मेलकी मेवाड़, थाना नीमच सिटी के हैं। इन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 323/34 के तहत दोषी ठहराया गया है. प्रकरण की

> दिलीप ने घटना की रिपोर्ट नीमच सिटी थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया. मेडिकल जांच और आवश्यक अनुसंधान के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में फरियादी और चश्मदीद गवाहों सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज कराए और अपराध को संदेह से परे साबित किया. अभियोजन ने आरोपियों के लिए कठोर दंड की मांग की, जिसके बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया.

जानकारी देते हुए एडीपीओ अजय वर्मा ने बताया कि यह घटना लगभग 5 साल पहले, 17 सितंबर 2020 को दोपहर 12 बजे ग्राम मेलकी मेवाड़ स्थित शासकीय स्कूल के पास हुई थी।

फरियादी दिलीप राजपूत आर्मी में जवान हैं और छुट्टी पर अपने गांव आए हुए थे। फरियादी और आरोपियों के घर आमने-सामने हैं और उनके बीच पहले से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन जब फरियादी कुएं की तरफ जा रहे थे, तभी आरोपियों ने जमीन की रंजिश को लेकर उनसे झगड़ा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पर्वतसिंह ने पत्थर से और कमलसिंह ने लकड़ी से दिलीप के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं।

नाबालिग कार चालक ने आधा दर्जन राहगीरों को मारी टक्कर

ग्वालियर- घर से बलेनो कार लेकर निकले एक नाबालिग चालक ने बुधवार की शाम तेज रफ्तार से गाड़ी चलाकर राहगीरों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी। इस नाबालिग चालक ने सैनिक पेट्रोल पंप के पास एक दर्जन से अधिक लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

जब यातायात पुलिस के जवानों ने हवा में फरीटे भर रही इस कार को रोकने की कोशिश की, तो कार चालक ने एक पुलिसकर्मी को बोनट पर लटकाकर कुछ दूरी तक घसीटा, जिससे वह भी घायल हो गया। कार क्रमांक एमपी 07 सीजे 5039 चला रहा नाबालिग अपने साथ वाली सीट पर एक बच्ची को बैठाए हुए था। सबसे पहले उसने एक्टिवा पर जा रहे एमआर अनूप सक्सेना को टक्कर मारी, जिसके बाद उसने एक महिला को टक्कर मारी, जो गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद भी वह नहीं रुका और कई राहगीरों को चोटिल करता चला गया।

जब यह नाबालिग कई लोगों को चोटिल कर भाग रहा था, तो यातायात पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे पकड़ा और पड़ाव थाने ले गए। पुलिस ने घायल राहगीरों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है।

पॉक्सो अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें

स्कूलों-छात्रावासों में लगें शिकायत पेटियां, बच्चों की सुरक्षा पर जोर

रीवा, 10 सितंबर. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने बच्चों के कल्याण और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व सबसे महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने स्कूलों और छात्रावासों में पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही शिकायत पेटियां लगाने के निर्देश दिए हैं ताकि बच्चे अपनी समस्याओं को खुलकर बता सकें। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक बैठक में बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे

प्रयासों की समीक्षा करते हुए पवार ने कहा कि कम पोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र की कोई भी सीट खाली न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केंद्र से घर जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य का नियमित अंतराल पर फॉलो-अप किया जाए. पवार ने स्कूल बसों और छात्रावासों में पॉक्सो एक्ट से जुड़ी जानकारी दर्ज कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए.

बड़वानी में 688 शिक्षकों को मिला क्रमोन्नत वेतनमान

बड़वानी. जिले में लंबे समय से लंबित क्रमोन्नत वेतनमान की मांग पूरी होने पर 688 शिक्षकों को राहत मिली है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला बड़वानी के लगातार प्रयासों के बाद मंगलवार को यह वेतनमान जारी किया गया। संघ 2022 से प्रधान पाठक, उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक और संविदा अध्यापकों को 30, 24 और 12 वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने पर क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत कराने के लिए प्रयासरत था। शिक्षक संघ ने इस मुद्दे पर पहल करने के लिए सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी और पूर्व मंत्री प्रेम सिंह पटेल से संपर्क कर निवेदन किया था.

मुख्यमंत्री 19 सितंबर को बहरी आएंगे

युवा संसद कार्यक्रम में होंगे शामिल

सीधी- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 19 सितंबर को बहरी आगमन प्रस्तावित है, जिसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए. मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान बहरी-हनुमना मार्ग पर सोन नदी के जोगदहा में नवनिर्मित बड़े पुल का लोकार्पण करेंगे। इस पुल का लोकार्पण लंबे समय से प्रतीक्षित था, क्योंकि पुरानी और जर्जर पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पिछले तीन वर्षों से बंद है। इस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि यह मार्ग उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है.

> यह भी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के बहरी आगमन पर क्षेत्र को कई नई सौगातें मिल सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, विधायक विश्वामित्र पाठक ने पहले भी मुख्यमंत्री को कुछ बड़े कार्यों के लिए प्रस्ताव दिए थे, और ऐसी अटकलें हैं कि वे इनमें से कुछ की घोषणा कर सकते हैं। क्षेत्र के लोग बहरी और सिहावल को नगर परिषद का दर्जा देने और बहरी को ब्लॉक बनाने की घोषणा की भी उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा, तहसील मुख्यालय बहरी में शासकीय महाविद्यालय की कमी के कारण करीब डेढ़ सौ गांवों के छात्रों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए सीधी जाना पड़ता है.

ग्रामोदय विवि प्रबंध मंडल की 66वीं बैठक संपन्न

'ए डबल प्लस' ग्रेड पर दी बधाई, हर साल 11 अक्टूबर को होगा दीक्षांत समारोह

चित्रकूट/सतना. महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 66वीं बैठक कुलपति प्रो. भरत मिश्रा की अध्यक्षता में रजत जयंती भवन स्थित अत्रि सभागार में हाइब्रिड मोड में संपन्न हुई.

इस बैठक में प्रबंध मंडल के सदस्यों ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नेक द्वारा प्राप्त ए डबल प्लस% ग्रेड और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा दी गई %श्रेणी प्रथम% की स्वायत्तता पर कुलपति प्रो. भरत मिश्रा सहित पूरे स्टाफ को बधाई दी। सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे अकादमिक नवाचारों की सराहना

की और इसके अकादमिक तथा आर्थिक विकास के लिए समय के अनुसार नए अंतर-विषयीय और ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया.

प्रबंध मंडल ने कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के उस निर्णय की भी प्रशंसा की, जिसमें विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह संस्थापक कुलाधिपति भारतरत्न नानाजी देशमुख के जन्मदिन 11 अक्टूबर को हर साल आयोजित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति भी प्रदान की।

बैठक में विभिन्न अकादमिक, प्रशासनिक, वित्त और आगामी कार्य योजना से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। आवश्यक निर्देशों के साथ प्रबंध मंडल ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी दी और विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति का संज्ञान लिया। इस उच्च स्तरीय बैठक में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा, उच्च शिक्षा भोपाल के प्रमुख सचिव के नामित डॉ. आर पी सिंह, अतिरिक्त संचालक रीवा संभाग, डॉ. यादवेंद्र प्रताप सिंह ग्वालियर, साधना तिवारी माधवगढ़, विनोद तिवारी सतना, डॉ. पूर्णिमा दाते भोपाल, डॉ. राजेश बाजपेई जबलपुर, विजय पाल सिंह यादव सतना, धर्मेंद्र सिंह बिसेन सतना, ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

बैठक | पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास सहित 16 दिवसीय स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का होगा शुभारंभ

पीएम के दौरे की तैयारियों की सीएम ने ली जानकारी

▶बैठक में मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अफसरों के साथ चर्चा

भोपाल,10 सितम्बर, 2025, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितम्बर को धार जिले के भ्रमण के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बुधवार की रात्रि एक बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त कर पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास सहित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और पोषण अभियान के संबंध में निर्देश दिए। प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों के संबंध में विभागवार जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी की जन्मवर्षगांठ के अवसर पर मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क की सौगात मिल रही है। यह देश के सात पीएम मित्र पार्क में से प्रथम पार्क होगा, जहां शीघ्र कार्य प्रारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पार्क में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को आमंत्रित किया है।

> धार जिले सहित मालवा-निमाड़ अंचल के कपास उत्पादक किसानों के जीवन में पीएम मित्र पार्क निर्णायक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि पीएम मित्र पार्क के माध्यम से एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। पीएम मित्र पार्क युवाओं, महिलाओं, किसानों और निर्धन वर्ग के कल्याण की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की ठोस पहल है। कार्यक्रम में धार जिले में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कियोस्क के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संयोजन किया गया है।

शाजापुर भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित

शाजापुर, 10 सितंबर. लंबे इंतजार के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस नई टीम में पुराने चेहरों को फिर से मौका मिला है, कुछ को पदोन्नत किया गया है, जबकि कई नए नेताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है।

सबसे खास बात यह है कि भाजपा के कोष का जिम्मा एक बार फिर किरण सिंह ठाकुर को सौंपा गया है। हालांकि वे महामंत्री बनने के इच्छुक थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें दोबारा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। वहीं, पिछले मीडिया प्रभारी उमेश टेलर को प्रमोशन देकर जिला मंत्री बनाया गया है। उनकी जगह पर अब मीडिया प्रभारी का नया चेहरा आएगा। जिला कार्यकारिणी में जगह नहीं बना पाने वाले दो दर्जन से अधिक दावेदार अब प्रदेश कार्यकारिणी में अपनी जगह तलाशेंगे। इसके लिए वे अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क साध रहे हैं। इसके अलावा, अभी भाजपा के मोर्चों की भी नियुक्ति होनी बाकी है.

> **पदों का वितरण और प्रमुख नियुक्तियां**
>
> जिलाध्यक्ष रवि पांडे की टीम में अब 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, 3 महामंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी और 1 सह मीडिया प्रभारी शामिल हैं।
>
> **महामंत्री:** विजय सिंह बैस को पिछली कार्यकारिणी की तरह इस बार भी महामंत्री पद पर बरकरार रखा गया है। उनके साथ रघु सिंह मालवीय और कमल सिंह पवार को भी महामंत्री बनाया गया है।
>
> **उपाध्यक्ष:** शीतल भावसार, देव सिंह सिसोदिया, हिंद सिंह जादौन, संगीता अर्य और अजय खत्री को उपाध्यक्ष पद दिया गया है। देव सिंह सिसोदिया पूर्व विधायक हैं, जबकि हिंद सिंह जादौन पहली बार उपाध्यक्ष बने हैं।
>
> **अन्य:** किरण ठाकुर को फिर से कोषाध्यक्ष बनाया गया है। श्रद्धा अशीष नागर को सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। सिंधिया कैंप से आशुतोष श्रीवास्तव को भी महामंत्री पद पर रखा गया है।